यदि बोली अवधि में बोलीदाता अनुमोदित दरों को कम करता है अथवा उसी प्रकार के माल को कम दर पर अन्य किसी को बेचता है, तो उसे निदेशालय आयुर्वेद विभाग राजस्थान अजमेर को इस प्रकार की दरों में कमी एवं कम दरों पर बेचे गये माल की सूचना देनी होगी तथा जिस दिनांक से दरों में कमी की गई है, उसी दिनांक से निदेशालय आयुर्वेद विभाग राजस्थान अजमेर को दिये गये सामान की कीमत भी कम दर से लगानी होगी। **अनुमोदित दरों से कम दर पर अन्य किसी को माल नहीं बेचने का प्रमाण–पत्र बोलीदाताओं को बिल में अंकित करना होगा।**

बोली अवधि में या उसके बाद भी यह तथ्य प्रकाश में आने पर कि बोलीदाता द्वारा प्राईस फॉल क्लोज शर्तो की पालना नही की गई है, तो फर्म बोलीदाता द्वारा निदेशालय आयुर्वेद से प्राप्त अधिक राशि सूचित करने के बाद जमा कराने के लिए उत्तरदायी होगा। प्राप्त अधिक राशि जमा नही कराने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

(18) **सुरक्षा राशि जमा कराना तथा अनुबंध पत्र भरकर प्रस्तुत करनाः–**

निदेशक आयुर्वेद विभाग द्वारा स्वीकृत बोली दरों के अनुमोदन की सूचना मिलने पर बोलीदाता को पत्र निर्गमित होने के 15 दिन के अन्दर नियमानुसार अपेक्षित राशि के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प (जो कि राजस्थान राज्य में क्रय किया गया हो) पर **एस. आर. 17** में अनुबन्ध सम्पादित करना होगा। निर्धारित कार्य सम्पादन प्रतिभूति आदेशित मूल्य के 5 प्रतिशत सुरक्षा राशि निम्न में वर्णित किसी भी एक प्रारूप में निदेशक, आयुर्वेद विभाग राजस्थान, जयपुर को जमा करानी होगी :–

1. डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक जो निदेशक, आयुर्वेद विभाग राजस्थान अजमेर के नाम हो।
2. एन.एस.सी.(फर्म के नाम से क्रय की गई हो) जो निदेशक, आयुर्वेद विभाग राजस्थान अजमेर के नाम प्लेज्ड हो।

नोटः–

1. निर्धारित समयावधि में अनुबन्ध सम्पादित नहीं करने की स्थिति में बोली सुरक्षा राशि जब्त कर ली जावेगी व फर्म को काली सूची में डाला जा सकेगा।
2. पूर्व वर्षो की जमा सुरक्षा राशि/बोली राशि अथवा अन्य बकाया राशि का समायोजन इस हेतु नही किया जावेगा।
3. वर्तमान बोली की बोली सुरक्षा राशि का समायोजन कार्य सम्पादन प्रतिभूति मे बोलीदाता के पक्ष में अनुमोदित समस्त आईटमो का अनुबंध उनके द्वारा कर दिये जाने पर तथा बोली की सभी आईटमो का निर्णय हो जाने पर किया जा सकेगा।
4. यदि बोलीदाता केन्द्र/राज्य सरकार का राजकीय उपक्रम/संस्था है, तो उसे बोली प्रतिभूति राशि व कार्य सम्पादन प्रतिभूति में छूट है, परन्तु उनको राजकीय उपक्रम होने के सन्दर्भ में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा एवं Bid Security से मुक्ति हेतु घोषणा पत्र देना होगा।

(19) **अस्वीकृत वस्तुएँः–**

बोलीदाता द्वारा सप्लाई की गई वस्तुऐं अस्वीकृत होने पर, अस्वीकृति की सूचना निर्गमित होने की दिनांक से 15 दिन के अन्दर अस्वीकृत वस्तु को बोली दाता को स्वयं अपने खर्चे से उठा लेना होगा। निर्धारित अवधि के बाद अस्वीकृत माल को न उठाने पर उन वस्तुओ के मूल्य का एक प्रतिशत प्रति सप्ताह किराया बोलीदाताओ से वसूल किया जावेगा, जो अस्वीकृत वस्तुओ के मूल्य से अधिक नही होगा। वस्तु के खराब होने, टूटने–फूटने, क्षति आदि की जिम्मेदारी बोलीदाता की होगी।

बोलीदाता द्वारा अस्वीकृत माल की सूचना निर्गमन दिनांक से 6 माह की अवधि में माल नही उठाने पर संबंधित 4 रसायनशालाओं अजमेर, भरतपुर, जोधपुर, उदयपुर द्वारा अस्वीकृत माल नीलामी/नष्ट जैसी परिस्थितियों हो कर दिया जावेगा एवं उससे प्राप्त हुई राशि राज्य कोष में जमा करा दी जावेगी।

(20) <u>सुरक्षा राशि जमा न कराने एवं अनुबन्ध पत्र भरकर न देने पर बयाना राशि जब्त करनाः–</u>

यदि कोई सफल बोलीदाता बिन्दु 18 में दर्शाई गई अवधि में अथवा वृद्धि की गई अवधि में निर्धारित कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जमा नही कराता है, एवं समस्त अनुमोदित वस्तु की आपूर्ति हेतु अनुबंध पत्र भरकर नही देता है तो बोलीदाता की बोली प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जावेगी। इस हेतु किसी भी प्रकार की पूर्व सूचना बोली दाता को नही दी जावेगी व फर्म को काली सूची में डाला जा सकेगा।

नोट :–यदि बोलीदाता केन्द्र/राज्य सरकार का राजकीय उपक्रम/फार्मेसी अथवा राजकीय रजिस्टर्ड सहकारी संस्था है, तो उसे बोली प्रतिभूति राशि एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति में छूट है।

(21) <u>बोली राशि एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि बोलीदाता को लौटानाः–</u>

1. जिस बोलीदाता की बोली निरस्त कर दी गई है अथवा जिसके पक्ष में किसी भी आईटम की दर स्वीकृत नहीं की गई है, तो ऐसे बोलीदाता की बोली राशि के पूर्ण निर्णय अथवा बोली खोलने की तिथि के 3 माह पश्चात जो भी देरी से हो, लौटाई जा सकेगी, यदि संबंधित बोलीदाता के विरूद्ध कोई राशि बकाया न हो ।
2. यदि किसी बोलीदाता के विरूद्ध किसी प्रकार की राशि बकाया नही हो तो उसकी कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि आदेशित आपूर्ति को सफलतापूर्वक पूरा करने की दिनांक से 3 माह बाद लौटाई जा सकेगी। बोलीदाता के विरूद्ध कोई राशि बकाया निकली तो बोलीदाता की कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि मे से ऐसी वसूली करते हुये शेष रही सुरक्षा राशि लौटा दी जावेगी।
3. समस्त स्वीकृत आईटमों का बोलीदाता द्वारा बोली शर्त सं0 18 के अनुसार निर्धारित अवधि में अनुबंध पत्र भरने एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जमा कराने पर ऐसे बोलीदाता की बोली राशि लौटा दी जावेगी यदि बोलीदाता के विरूद्ध कोई बकाया राशि नहीं निकलती है तो।

नोट :– यदि बोलीदाता केन्द्र/राज्य सरकार का राजकीय उपक्रम /फार्मेसी अथवा राजकीय रजिस्टर्ड सहकारी संस्था है, तो उसे बोली राशि एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति में छूट है।

(22) <u>सामान के साथ प्राप्त पैकिंग सामग्री को नहीं लौटानाः–</u>

बोलीदाता द्वारा सप्लाई किये गये माल के साथ जो भी पैकिंग सामग्री जैसे खोखे, बोरियॉ, डिब्बें, पत्तियॉ आदि होगी, वो निःशुल्क होगी तथा बोलीदाता को लौटायी नही जावेगी। बोलीदाता सप्लाई करने वाले माल को ठीक ढंग से पैकिंग के लिए उत्तरदायी होगें। औषध परिवहन के समय रास्ते में किसी प्रकार की क्षति व हानि के लिए निदेशालय आयुर्वेद विभाग राजस्थान अजमेर की जिम्मेदारी नहीं होगी ।

(23) <u>राज्याधिकारी व कर्मचारी को प्रलोभन देनाः–</u>

बोली स्वीकृति हेतु अथवा बोली संबंधी किसी कार्य हेतु प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से किसी प्रकार विभाग के किसी भी अधिकारी व कर्मचारी को प्रलोभन देना या उनके पास सिफारिश पहुॅचाना, गम्भीर अपराध समझा जावेगा तथा ऐसे बोलीदाता की बोली स्वीकार नहीं की जावेगी और यदि स्वीकार हो जाती है, तो किसी भी समय रद्द की जा सकती है।

(24) <u>आयात लाइसेंसः–</u>

यदि किसी वस्तु के लिये आयात लाइसेंस/अनुज्ञापत्र की आवश्यकता है, तो उसकी व्यवस्था करने की उत्तरदायित्व स्वयं बोलीदाता का होगा।

(25) <u>सुरक्षित अधिकारः–</u>

निदेशक आयुर्वेद विभाग राजस्थान अजमेर को अधिकार होगा कि वे बिना कोई कारण बताये किसी भी वस्तु की दरें, सबसे कम दर स्वीकार न करके उॅची दरे स्वीकृत कर ले अथवा कोई भी दर स्वीकार न करें।

(26) <u>कानूनी विवाद क्षेत्रः–</u>

समस्त विधिक कार्यवाही, यदि संस्थित किया जाना आवश्यक हो, तो किसी भी पक्षकार (सरकार या ठेकेदार) द्वारा अजमेर में स्थित न्यायालयों मे ही पेश की जाएगी, अन्यत्र पेश नहीं की जाएगी।

(27) <u>वास्तविक निमार्ता द्वारा बोली भरी जानाः–</u>

बोली केवल उन्हीं केन्द्रीय/राज्य सरकार के उपक्रमों/फार्मेसी अथवा राजकीय रजिस्टर्ड सहकारी संस्थाओं द्वारा भरी जा सकेगी, जो एतद द्वारा विहित पुरोभाव्य शर्ते पूर्ण करती हो :–

1. <u>उक्त उपक्रमों/फार्मेसी/सोसायटी के पास स्वंय का ड्रग्स विनिर्माण का लाइसेंस हो। लोन लाईसेंस मान्य नहीं होगा।</u>
2. <u>उक्त उपक्रमों/ फार्मेसी/सोसायटी जो विगत 3 वर्षो से निरन्तर औषधियों का निर्माण व विक्रय कर रहे हो।</u>
3. <u>उक्त बोली स्वीकार होने के पश्चात् जिस भी उनवान से बोली प्रपत्र प्रस्तुत किया गया है, उसी उनवान से बिल आदि भुगतान हेतु निदेशालय आयुर्वेद विभाग के समक्ष प्रस्तुत किये जायेगे। उक्त बिलो के अतिरिक्त</u>

किसी अन्य उनवान के प्रस्तुत बिलो के भुगतान हेतु स्वीकार नही किया जावेगा एवं इस सम्बन्ध मे निदेशालय, आयुर्वेद विभाग किसी प्रकार के दायित्वाधीन नही होगा।

4. राष्ट्रीय आयुष मिशन, राजस्थान स्टेट आयुष सोसायटी, जयपुर द्वारा **Black Listed** एवं **Debarred** फर्मे इस निविदा में भाग लेने हेतु अयोग्य मानी जावेगी।
5. प्रस्तुत की जाने वाली बोली हेतु औषध उत्पाद डब्ल्यू.एच.ओ.–जी.एम.पी./आयुष प्रीमियम मार्क प्रमाण पत्र प्राप्त हों।

(28) बोली दरें अंकित करनाः–

वित्तीय बोली में दरें ऑन लाईन प्रपत्र में भरी जावेगी। वित्तीय दरों में सी.जी.एस.टी. एवं एस.जी.एस.टी. की राशि जो देय है को पृथक से दिखाना होगा (Taxes as applicable, shall be shown separately)। यदि बोलीदाता वित्तीय बोली में दरों के साथ किसी प्रकार का कर (जी.एस.टी.) का निर्धारित कॉलम में अंकन नहीं करता है तो दरें कर सहित मानी जायेंगी।

(29) क्रय अधिमान :–

इस संबंध में RTPP Rule 2013 व अधिनियम 2012 के अन्तर्गत नियम व प्रावधान प्रभावी होंगे।

(30) बोली वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** के माध्यम से प्रेषित की जा सकेगी।

(31) अन्तिम अर्थ एवं निर्णय का अधिकारः–

1. बोली के नियम व शर्तो तथा बोली प्रपत्रो में दिये गये विवरण आदि मे निदेशक, आयुर्वेद विभाग राजस्थान अजमेर द्वारा दिया गया अर्थ एवं निर्णय अन्तिम समझा जावेगा एवं उसे बोलीदाता मानने को बाध्य होगा।
2. निदेशक आयुर्वेद को किसी भी बोलीदाता की बोली को बिना कोई कारण बताये स्वीकार करने अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण व निर्बाध अधिकार होगा।

(32) निजी शर्ते लगाकर बोली प्रस्तुत करनाः–

बोली शर्तो के विपरीत बोलीदाता की कोई निजी शर्त मान्य नही होगी।

(33) निरीक्षण अधिकारीः–

1. बोलीदाता द्वारा तकनीकी बोली के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों के साथ सत्यापन करने एवं फर्म की उत्पादन क्षमता का आंकलन करने हेतु विभागीय जॉच दल द्वारा बोलीदाता के निर्माण परिसर का आवश्यक रूप से निरीक्षण किया जावेगा तथा जॉच दल के प्रतिवेदन के आधार पर बोलीदाता की तकनीकी योग्यता का निर्धारण किया जावेगा।

2 बोलीदाता अपने कार्यालय/वर्कशॉप/समस्त निर्माण परिसरों का संपूर्ण विवरण (पता), संस्थान के प्रभारी अधिकारी एवं उसके मोबाईल नम्बर बोली प्रपत्र के साथ उपलब्ध करवाऐगा।

3. बोली के दौरान एवं निर्माण प्रक्रिया के दौरान क्रेता अधिकारी अथवा उसका प्राधिकृत प्रतिनिधि सभी युक्तियुक्त समय पर प्रदायकर्ता की फर्म या उसकी निर्माणशाला/दुकान/गोदाम के निरीक्षण के दौरान कच्ची औषधी के घटकों/निर्मित औषधियों/उपकरणों/मशीनों एवं कर्म–कौशल इत्यादि का निरीक्षण करने का अधिकारी होगा।

4. प्रदाय हेतु संविदा के अन्तर्गत आदेशित औषधियों का निर्माण, यदि क्रेता अधिकारी/उसके द्वारा नियुक्त अधिकारी की संतुष्टि अनुसार नहीं पाया जाता है तो बोलीदाता को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् क्रय समिति किसी भी समय उसे निराकृत कर सकेगी।

(34) बोली शर्तो मे शिथिलता करने का अधिकारः–

बोली शर्तो मे शिथिलता करने हेतु निदेशक आयुर्वेद विभाग अजमेर के पास शक्तियॉ निहित है।

(35) तकनीकी बोली, बोली का भाग होगा। तकनीकी बोली में वांछित दस्तावेज उसी क्रम मे संलग्न करें, जिस क्रम मे बोली मे अंकित है। संलग्नक पर वही क्रम संख्या भी अंकित करें।

(36) ई–बोली से सम्बन्धित नियम शर्ते एवं सूचना बोली का भाग है।

(37) राजस्थान लोक उपापन मे पारदर्शिता नियम 2013 (Rajasthan Transparency in Public Procurment Rules 2013) के प्रावधानो के अन्तर्गत वित्त विभाग के परिपत्र संख्या 3/2013 दिनांक 04.02.13 के अनुसार Annexures A, B, C, D भी बोली एवं अनुबंध का भाग है, जो संलग्न है।

(38) उपरोक्त शर्तो के अलावा अन्य शर्ते सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम व राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012/नियम 2013 के अनुसार होगी।

(39) औषधियों की आपूर्ति करते समय, औषधियों की गुणवत्ता के संबंध में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित राजकीय/राजकीय मान्यता प्राप्त एवं एन.ए.बी.एल. अधिस्वीकृत सूचीबद्ध प्रयोगशाला से ए.पी.आई. में निर्धारित

समस्त मानकों के अनुसार तथा जिन औषधियों के जॉच के पेरामीटर्स सम्बन्धित फर्मकोपियां में निर्धारित नहीं है, उनके सबंध में फर्म द्वारा विकसित की गई जनरल रैफरेन्स वेल्यू के अनुसार औषधियों की बैचवार जांच करवाकर, जांच रिपोर्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा। इसके अभाव में आपूर्ति स्वीकार नहीं की जाऐगी।

(40) निर्मित औषधि की आपूर्ति संबंधित 4 रसायनशालाओं अजमेर, भरतपुर, जोधपुर, उदयपुर के स्टोर पर करनी होगी।

(41) यदि बोलीदाता द्वारा गलत, कूटरचित अथवा तथ्य छिपाकर बोली हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये हो तो, बोलीदाता की प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जावेगी व फर्म को काली सूची में डाला जा सकेगा तथा फर्म के विरूद्व नियमानुसार आर.टी.पी.पी. एक्ट 2012 की धारा 11 के प्रावधानों के अनुसार कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा सकेगी।

(42) बोली की शर्तो में किसी भी प्रकार का विरोधाभास/विवाद होने पर निदेशक, आयुर्वेद विभाग राजस्थान अजमेर का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।

(43) अपील :– राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 के अध्याय–III एवं नियम–2013 के अध्याय VII के प्रावधान के अनुसार निदेशक, आयुर्वेद विभाग राजस्थान, अजमेर हेतु अपील अधिकारी निम्नानुसार हैः–

क्रं सं	प्रथम अपील अधिकारी	द्वितीय अपील अधिकारी
1.	शासन उप सचिव,/संयुक्त शासन सचिव, आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर	शासन सचिव, आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर

(1) धारा (9) के अध्यधीन रहते हुए यदि कोई बोली लगाने वाला या भावी बोली लगाने वाला इस बात से व्यथित है कि उपापन संस्था का कोई निर्णय, कारवाई या लोप इस अधिनियम या इसके अधीन जारी नियमों या मार्गदर्शनों के उपबंधों के उल्लंघन में है तो वह उपापन संस्था के ऐसे अधिकारी को, जिसे इस प्रयोजन के लिए पदाभिहित किया जाये, विनिर्दिष्ट आधार, जिस पर या जिन पर वह व्यथित है, स्पष्ट रूप ये देते हुए ऐसे विनिश्चय या कार्यवाही या यथास्थिति लोप की तारीख से दस दिन की अवधि या ऐसी अन्य अवधि, जो पूर्व–अर्हता दस्तावेजों, बोली लगाने वाले के रजिस्ट्रीकरण दस्तावेजों या बोली दस्तावजों में विनिर्दिष्ट की जाये, के भीतर अपील दाखिल कर सकेगा :–

- परन्तु बोली लगाने वाले की बोली सफल होने की घोषणा के पश्चात् अपील केवल उस बोली लगाने वाले द्वारा दाखिल की जा सकेगी, जिसने उपापन कार्यवाही में भाग लिया है।
- परन्तु यह और कि ऐसी दशा में, जहॉ उपापन संस्था वित्तीय बोली खोलने से पूर्व तकनीकी बोली का मूल्याकंन करती है, वहॉ वित्तीय बोली के मामले से संबंधित अपील केवल उस बोली लगाने वाले के द्वारा दाखिल की जा सकेगी, जिसकी तकनीक बोली स्वीकार्य होने वाली पायी जाती है।

(2) बिन्दु (1) के अधीन अपील की प्राप्ति पर उक्त उप–धारा के अधीन पदाभिहित अधिकारी **पक्षकारों को सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किए जाने के पश्चात् यह अवधारित करेगा कि उपापन संस्था ने इस अधिनियम, इसके अन्तर्गत बनाये गये नियमों और मार्गदर्शक सिद्धान्तों के उपबंधों और पूर्व अर्हता के दस्तावेजों, बोली लगाने वाले के रजिस्ट्रीकरण दस्तावजों या यथास्थिति, बोली दस्तावेजों के निबन्धों** का पालन किया गया है या नहीं, और तदानुसार आदेश पारित करेगा, जो बिन्दु (5) के अधीन पारित आदेश के अध्यधीन रहते हुए अंतिम होगा और अपील के पक्षकारों पर बाध्य होगा।

(3) अधिकारी, जिसके समक्ष बिन्दु (1) के अधीन अपील दाखिल की गई है, अपील पर यथा सम्भव शीघ्र विचार करेगा और अपील दाखिल करने की तारीख से तीस दिवस के भीतर इसे निपटाने का प्रयास करेगा।

(4) यदि बिन्दु (1) के अधीन पदाभिहित अधिकारी बिन्दु (3) में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर उक्त उप–धारा के अधीन दाखिल अपील को निपटाने में असफल हो जाता है या यदि बोली लगाने वाला या भावी बोली लगाने वाला या उपापन संस्था बिन्दु (3) में विनिर्दिष्ट अवधि के अवसान से या, यथास्थिति, बिन्दु (2) के अधीन पारित आदेश की प्रति की तारीख से पन्द्रह दिवस के भीतर बोली दस्तावेज में वर्णित द्वितीय अपील अधिकारी को अपील दाखिल कर सकेगा।

(5) बिन्दु (4) के अधीन अपील की प्राप्ति पर उक्त बिन्दु के अधीन द्वितीय अपील अधिकारी पक्षकारों को सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किए जाने के पश्चात् यह अवधारित करेगा कि क्या उपापन संस्था ने इस अधिनियम, इसके अधीन बनाये गये नियमों और मार्गदर्शक सिद्धान्तों के उपबंधों और पूर्व–अर्हता के दस्तावेजों, बोली लगाने वाले के रजिस्ट्रीकरण दस्तावजों या यथास्थिति, बोली दस्तावेजों के निबन्धों का पालन किया है या नहीं, और तदानुसार आदेश पारित करेगा जो अंतिम होगा और अपील के पक्षकारों पर बाध्यकारी होगा।

(6) द्वितीय अपील अधिकारी जिसके समक्ष अपील बिन्दु (4) के अधीन अपील दाखिल की गई है, यथा सम्भव शीघ्र अपील पर विचार करेगा और अपील दाखिल करने की तारीख से तीस दिवस के भीतर–भीतर इसे निपटाने के

लिए प्रयास करेगा। परन्तु यदि द्वितीय अपील अधिकारी जिसके समक्ष बिन्दु (4) के अधीन अपील दाखिल की गई है, पूर्वोक्त अवधि के भीतर अपील को निपटाने में असमर्थ रहता है तो वह उसके लिए कारण अभिलिखित करेगा।

(7) अपील अधिकारी जिसके समक्ष बिन्दु (1) और (4) के अधीन अपील दाखिल की जा सकेगी को, पूर्व–अर्हता दस्तावेजों, बोली लगाने वाले के रजिस्ट्रीकरण दस्तावेजों या यथास्थिति बोली दस्तावेजों में उपदर्शित किया जायेगा।

(8) कोई भी ऐसी सूचना, जो भारत के आवश्यक सुरक्षा हितों के संरक्षण का ह्रास करेगी या जो विधि के परिवर्तन या उचित प्रतियोगिता में अड़चन डालेगी या बोली लगाने वाले या उपापन और संस्था के विधि सम्मत वाणिज्यिक हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी, इस पैरा के अधीन की किसी कार्यवाही में प्रकट नहीं की जायेगी।

(9) **कतिपय मामलों में अपील नहीं होगी :–** उपापन संस्था के निम्नलिखित मामलों में से संबंधित किसी विनिश्चय के विरूद्व कोई अपील नहीं होगी, अर्थात् :–

(क) उपापन की आवश्यकता का अवधारण।

(ख) बोली प्रक्रिया में बोली लगाने वालों के भाग लेने को सीमित करने वाले उपबंध।

(ग) यह विनिश्चय कि बातचीत की जाये या नहीं।

(घ) उपापन प्रक्रिया का रद्दकरण।

(ड़) गोपनीयता के उपबंधों का लागू होना।

(10) **अपील का प्रारूप** –(क) बिन्दु (1) या (4) के अधीन यदि कोई अपील संलग्न प्रारूप में उतनी प्रतियों के साथ होगी जितने कि अपील में प्रत्यर्थी है।

(ख) प्रत्येक अपील उस आदेश, जिसके विरूद्व अपील की गई है, यदि कोई हो, अपील में कथित तथ्यों को सत्यापित करने वाले शपथ पत्र और फीस के संदाय के सबूत के साथ होगी।

(ग) प्रत्येक अपील प्रथम अपील प्राधिकारी या यथास्थिति, द्वितीय अपील प्राधिकारी को व्यक्तिशः या रजिस्ट्रीकरण डाक द्वारा या प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत की जा सकेगी।

(11) **अपील फाइल करने के लिए फीस** –

(1) प्रथम अपील के लिए फीस दो हजार पांच सौ रूपये और द्वितीय अपील के लिए दस हजार रूपये होगी जो अप्रतिदेय होगी।

(2) फीस का संदाय किसी भी अधिसूचित बैंक के मांगदेय ड्राफ्ट या बैंकर चैक के रूप में किया जायेगा जो संबंधित अपील प्राधिकारी के नाम देय होगा।

(12) **अपील के निपटारे की प्रकिया** –

(1) प्रथम अपील प्राधिकारी या, यथास्थिति, द्वितीय अपील प्राधिकारी अपील फाइल किये जाने पर प्रत्यर्थी को अपील, शपथ पत्र और दस्तावेजों, यदि कोई हो, की प्रति के साथ नोटिस जारी करेगा और सुनवाई की तारीख नियत करेगा।

(2) सुनवाई के लिए नियत तारीख को प्रथम अपील प्राधिकारी या, यथास्थिति, द्वितीय अपील प्राधिकारी :–

(क) उसके समक्ष उपस्थित अपील के समस्त पक्षकारों की सुनवाई करेगा, और

(ख) मामले से संबंधित दस्तावेजों, सुसंगत अभिलेख या उनकी प्रतियों का अवलोकन या निरीक्षण करेगा।

(3) पक्षकारो की सुनवाई, मामले से संबंधित दस्तावेजों, सुसंगत अभिलेख या उनकी प्रतियों के अवलोकन या निरीक्षण के पश्चात् संबंधित अपील प्राधिकारी लिखित में आदेश जारी करेगा और अपील के पक्षकारों को उक्त आदेश की प्रति निःशुल्क उपलब्ध करायेगा।

(4) उप बिन्दु (3) के अधीन पारित आदेश राज्य लोक उपापन पोर्टल पर भी दर्शित किया जायेगा।

(44) निर्मित औषधियों की आपूर्ति सफल बोलीदाता द्वारा ही की जावेगी किसी एजेन्सी के माध्यम से आपूर्ति स्वीकार नहीं होगी।

(45) वित्तीय बिड में दी गई दरें, क्रयादेश की मात्रा व आपूर्ति स्थान के अनुसार परिवर्तित नहीं होगी।

(46) बोलीदाता द्वारा दी गई व स्वीकार की गई वित्तीय बोली की दरें संविदा अवधि दिनांक 31.03.2021 तक विधि मान्य होगी तथा इसमे किसी भी कारण से कोई दर वृद्धि देय नहीं होगी।

(47) सशर्त बोली स्वीकार नहीं होगी।

(48) वित्तीय बोलीयों में अंक गणितीय त्रुटियों का सुधार RTPP Rule 2013 के नियम 64 के अनुसार होगा।

(49) <u>भुगतान प्रावधान :–</u>

1. बोलीदाता को अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा।
2. सप्लाई की गई औषधियों में से लिये गये सैम्पल की जॉच आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित राजकीय/राजकीय मान्यता प्राप्त एवं एन.ए.बी.एल. अधिस्वीकृत सूचीबद्व प्रयोगशाला से करवाने तथा मानकों के अनुरूप रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात् ही भुगतान किया जावेगा। सप्लाई की गई औषधियों के लिए गये

सैम्पल यदि स्टैण्डर्ड प्रावधान के अनुरूप नहीं पाए जाने व सैम्पल फैल होने की स्थिति में निविदा शर्तों के अतिरिक्त वर्तमान कानूनी प्रावधान के तहत कार्यवाही हेतु क्रेता अधिकारी सक्षम होगें।

3. अस्वीकृत माल को, आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा गुणवत्तापूर्ण नये स्टॉक से बदलकर देना होगा।
4. जो निर्मित औषधियां स्टैण्डर्ड क्वालिटी की नहीं पाई जावेगी, उनका भुगतान बोलीदाता को नहीं किया जावेगा, चाहे उनका उपयोग कर लिया गया हो अथवा नहीं। क्रेता अधिकारी को बोलीदाता के किसी भी बकाया अन्य भुगतान से इस अस्वीकृत माल की राशि वसूल करने का अधिकार होगा, ऐसी स्थिति में बोलीदाता के विरूद्व नियमानुसार ब्लैक लिस्टिंग/डीबार करने की कार्यवाही भी की जाऐगी।
5. औषधियों की आपूर्ति के समय परिवहन/पैंकिंग या अन्य कारणों से किसी प्रकार की क्षति या आपूर्ति में कमी दृष्टिगत होती है तो फर्म को सूचित करने के 15 दिवस मे पाई गई कमी की आपूर्ति करनी होगी, इसके अभाव में कम प्राप्त हुई सामग्री का भुगतान काटकर एंव शास्ति आरोपित कर शेष राशि का भुगतान किया जावेगा।
6. सप्लायर आपूर्ति से पूर्व यह सुनिश्चित करे कि प्रत्येक किट में आदेशित औषधि की मात्रा पूरी संधारित की हुई है, यदि मात्रा में कमी पाई जाती है तो उसका भुगतान काटते हुए शेष राशि का भुगतान किया जावेगा।
7. औषधि आपूर्ति प्रक्रिया के दौरान एवं अन्तिम भुगतान करने से पूर्व यदि किसी आपूर्ति कर्ता फर्म के विरूद्ध किसी चूक के कारण किसी प्रकार की वसूली बनती है, तो वह फर्म को देय भुगतान में से की जा सकेंगी।

(50) <u>औषधियों की आपूर्ति हेतु बोली से संबंधित पात्रता की शर्तेः–</u>

निम्नांकित बिन्दुओं की शर्ते पूरी होने पर ही संबंधित फर्म बोली भरने के लिए पात्र होगी। प्रत्येक बिन्दु के लिए प्रमाण पत्र/घोषणा पत्र/वांछित दस्तावेज साक्ष्य के बतौर तकनीकी बोली में स्केन कर अपलोड करने होगें। इनके अभाव में कमेटी द्वारा संबंधित फर्म की तकनीकी बोली पर विचार नहीं किया जावेगा।

(1) **<u>केवल वही फर्म/संस्था जो कि भारत सरकार/राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/फार्मेसी एवं राजकीय रजिस्टर्ड को–ऑपरेटिव क्षेत्र की संस्था है और जो स्वयं मूल औषधि निर्माता हो व डब्ल्यू.एच.ओ. –जी.एम.पी. प्रमाणित संस्थान/आयुष प्रिमियम मार्क प्रमाण पत्र धारक हो वही बोली में भाग लेने के पात्र होगें।</u>**

(2) **केन्द्र सरकार/किसी भी राज्य सरकार के विभागों / उपक्रमों द्वारा विगत तीन वर्ष के दौरान ब्लेक लिस्टेड /डीबार की गई फर्म/संस्थान आर.टी.पी.पी.एक्ट 2012 के सेक्सन 7(2)(डी) एवं नियम 2013 के नियम 39(3) के अनुसार बोली प्रक्रिया में भाग लेने हेतु पात्र नहीं होंगे।**

(3) बोलीदाता के स्वयं के नाम से सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध नवीनीकृत औषधि निर्माण लाईसेन्स एवं डब्ल्यू.एच.ओ.–जी.एम.पी./आयुष प्रिमियम मार्क प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। (**लोन लाईसेन्स स्वीकार्य नहीं होगा)**

(4) वाणिज्यक कर विभाग का जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाना होगा।

(5) विगत तीन वर्षो (2016–17, 2017–18 एवं 2018–19) में केवल आयुर्वेद औषधियों के लिए औसतन टर्न ओवर बोली मूल्य का 1/3 अर्थात 7.20 करोड़ रूपये हो। यदि सकल टर्न ओवर दिया गया है तो अलग से आयुर्वेद औषधियों का टर्नओवर अंकित किया जावे।

(6) किसी भी राज्य/केन्द्र सरकार अथवा उनके उपक्रमों द्वारा काली/विवर्जित सूची में (**Black List / Debar**) शामिल नही किए जाने के संबंध में रूपये 100 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र जो कि नॉटेरी से प्रमाणित हो।

(7) फर्म का कोई भी उत्पाद विगत 3 वर्षों में किसी भी राज्य/केन्द्र सरकार अथवा उनके उपक्रमों द्वारा <u>अवमानक घोषित नहीं</u> होने संबंधी शपथ पत्र रूपये 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर एवं नॉटेरी से प्रमाणित।

(8) विनिर्माण अनुज्ञापत्र (Manufacturing Licence) मय अद्यावधि नवीनीकरण प्रमाण पत्र एवं फर्म जिस राज्य से संबंधित है, उस राज्य के औषधि नियन्त्रण प्राधिकारी (Drug Controlling Authority) अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा प्रत्येक औषधि के निर्माण के लिए जारी उत्पादन अनुमति प्रमाण पत्र की प्रति । (लोन लाईसेन्स स्वीकार्य नहीं होगा।)

(9) फर्म द्वारा वर्ष 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19 में केन्द्र/राज्य सरकारो के विभागों/उपक्रमों में सफलतापूर्वक एवं समयबद्ध आपूर्ति करने बाबत् संबंधित संस्था द्वारा जारी प्रत्येक वर्ष का न्यूनतम 01 तथा कुल 05 प्रमाण पत्र **(Performance Certificate)** मय आपूर्ति आदेश की प्रति।

(10) निर्माता द्वारा विगत तीन वर्षो (2016–17, 2017–18 एवं 2018–19) से निरन्तर औषध निर्माण एवं विपणन करने (Batch manufacturing & marketing **Certificate**) फर्म जिस राज्य से संबंधित है, उस राज्य के औषधि नियन्त्रण प्राधिकारी (Drug Controlling Authority)/ अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की प्रति।

(51) प्रत्येक औषधालय/चिकित्सालय हेतु औषधियों का किट आपूर्ति आदेशानुसार तैयार कर पैकिंग करते हुये संबंधित रसायनशालाओं में सप्लाई की जानी होगी।

(52) औषधियां अनुलग्नक 1 में दर्शाई गई निर्मित औषधी में से क्रय आदेश के अनुसार आपूर्ति संबंधित 4 रसायनशालाओं अजमेर, भरतपुर, जोधपुर, उदयपुर में एफ.ओ.आर करनी होगी।

(53) औषधियों की सप्लाई स्वीकार होने तक किसी भी प्रकार की क्षति की जिम्मेदारी आपूर्तिकर्ता की होगी। पैकिंग करते समय औषधि की प्रकृति को देखते हुए पैकिंग इस प्रकार करनी होगी कि, गन्तव्य स्थान पर औषधि पहुॅचने तक व अंकित एक्सपायरी दिनांक तक सुरक्षित रहे तथा उनकी गुणवत्ता एवं प्रकृति प्रभावित न हो। अवसान तिथी तक औषधि में विकृति उत्पन्न हो जाने पर सम्बन्धित फर्म को सम्पूर्ण बैंच की औषधि वापस लेकर गुणवत्तापूर्ण औषधि सप्लाई करनी होगी। जो औषधियां उपयोग में ली जा चुकी है, उनका कोई क्लेम देय नहीं होगा। प्रत्येक औषधि के पैकिंग लेबल पर **'राष्ट्रीय आयुष मिशन के सौजन्य से, राजस्थान सरकार की सप्लाई, बिक्री के लिये नही'** अंकित करना होगा।

(54) पैकिंग में औषधियॉ कम पाये जाने पर संबंधित रसायनशाला व्यवस्थापक/अतिरिक्त निदेशक रसायनशालाऐ द्वारा अवगत कराये जाने पर फर्म द्वारा उसकी तत्काल आपूर्ति करवाई जावेगी, अन्यथा कम पाई गई औषधियों का भुगतान नहीं किया जावेगा एवं पूर्ण आपूर्ति नहीं करने के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी एवं निदेशालय आयुर्वेद विभाग का निर्णय अंतिम होगा।

(55) माल का भुगतान, इस हेतु गठित कमेटी द्वारा माल स्वीकार किये जाने पश्चात् किया जावेगा। प्रक्रिया के अन्तर्गत भुगतान में विलम्ब होने पर किसी प्रकार का क्लेम मान्य नही होगा।

(56) औषधि बनाते समय उपयुक्त विधि, आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित अत्यावश्यक औषध सूची में उल्लेखित संदर्भ ग्रन्थों, गुणवत्ता के मानदण्डों के अनुसार निर्माण आवश्यक होगा एवं संदर्भ ग्रन्थ का उल्लेख औषधि की लैबलिंग/पैकिंग पर करना होगा।

(57) औषधि आपूर्ति बिलों के साथ आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित राजकीय/राजकीय मान्यता प्राप्त एवं एन.ए.बी.एल. अधिस्वीकृत प्रयोगशाला द्वारा की गई प्रत्येक बैच की ए.पी.आई. में निर्धारित सभी मानकों के अनुसार टेस्ट रिपोर्ट संलग्न कर प्रेषित करनी होगी अन्यथा आपूर्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति से पूर्व औषधियों की करवाई जाने वाली जांच के पैरामीटर्स/प्रोटोकॉल औषधिवार **अनुलग्नक–3** पर संलग्न किए गए है। तथा जिन औषधियों के जॉच के पेरामीटर्स सम्बन्धित फर्मकोपियां में निर्धारित नहीं है, उनके सबंध में फर्म द्वारा विकसित की गई जनरल रैफरेन्स वेल्यू के अनुसार औषधियों की बैचवार जांच करवाकर, जांच रिपोर्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा। इसके अभाव में आपूर्ति स्वीकार नहीं की जाऐगी। **निर्देशित पैरामीटर्स के अनुसार जांच रिपोर्ट न होने की स्थिति में आपूर्ति स्वीकार नहीं की जावेगीं।**

(58) औषधियों की पैकिंग पर प्रत्येक मद के सामने उल्लेखित इकाई के अनुसार औषधियों का नाम, बैच संख्या, विनिर्माण की तारीख तथा एक्सपायरी की तिथि, प्रयुक्त घटक व उनकी मात्रा एवं **'राष्ट्रीय आयुष मिशन के सौजन्य से, 'राजस्थान सरकार की सप्लाई, बिक्री के लिये नही'** अंकित करना अनिवार्य है।

(59) औषधियों की निर्माण/प्रयोग की अवधि

1. आपूर्ति की जाने वाली औषधी के प्रत्येक बैच के प्रत्येक बोतल/कन्टेनर/टिन आदि पर विनिर्माण की तारीख, बैंच सं0 और मुख्य संघटक एवं एक्सपायरी तिथि स्पष्ट रूप से अंकित होना आवश्यक है। बाह्य लिफाफे, कार्टून एवं ट्यूब पर भी औषधि का नाम, बैंच सं. और निर्माण की तारीख एवं एक्सपायरी तिथि अंकित होनी आवश्यक हैं।
2. औषधियों की सेल्फ लाईफ एक्सपायरी तिथि ड्रग एण्ड कॉस्मेटिक(संशोधित) नियम 2005 के नियम 161 बी में निहित प्रावधानों के अनुसार होगी एवं आपूर्ति की गई औषधी की एक्सपायरी तिथि निदेशालय आयुर्वेद को आपूर्ति किए जाने के समय **न्यूनतम तीन चौथाई (3/4) की अवधि शेष** रहनी चाहिए।
3. औषधियों की पैकिंग एवं लेबलिंग ड्रग्स एण्ड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 एवं नियम 1945 तथा समय–समय पर इस संबंध में जारी निर्देशों के अनुरूप होना आवश्यक है।
4. उत्पाद के लेबल और बाह्य पैकिंग (कार्टन/रैपर) जब कभी उत्पाद बाह्य पैकिंग सहित आपूर्ति किया जाता है, तो उस पर भी 'राष्ट्रीय आयुष मिशन के सौजन्य से, 'राजस्थान सरकार की सप्लाई, बिक्री के लिये नही' मुद्रित/चिपकाया गया होना चाहिए। औषधि के लेबल पर निम्नांकित विवरण अंकित किया जाना आवश्यक है:–

(1) फर्म का नाम
(2) औषधी का नाम
(3) औषधी के मुख्य संघटक
(4) औषधी के घटको की मात्रा
(5) रोगाधिकार
(6) बैच संख्या
(7) विनिर्माण की तिथि
(8) एक्सपायरी तिथि
(9) औषधि विनिर्माण अनुज्ञापत्र क्रमांक

5. उत्पाद की असलियत और अर्न्तवस्तु की अन्य शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी बोतल/टिन/प्लास्टिक कन्टेनर आदि पिलफरप्रूफ सील (P.P. Seal) किया जाना अपेक्षित है। पैकिंग को सील करने के लिए चिकने कागज का प्रयोग न किया जाये। औषधी किट में सम्मिलित **आपूर्ति की जाने वाली औषधियों की पैकिंग निम्नानुसार की जानी है :–**

क्र.	औषधी का प्रकार	निर्धारित पैकिंग
1	आसव, अरिष्ट, सीरप, शर्बत, अर्क, तैल–घृत, क्वाथ (प्रवाही), लवण, क्षार	कांच या प्लास्टिक (खाद्य श्रेणी) की बोतल में
2	पाक, अवलेह, तरल घनसत्व, एक्सट्रेक्ट, लेप, मलहम, क्रीम	चौडे मुँह कांच/प्लास्टिक (खाद्य श्रेणी) कन्टेनर /ट्यूब में
3	चूर्ण, क्वाथ चूर्ण, गुग्गुलु, वटी, गुटिका, टेबलेट एवं वर्ती	चूर्ण एवं क्वाथ बाहरी पैकिंग टिन/प्लास्टिक (खाद्य श्रेणी) कन्टेनर में एवं आंतरिक पैंकिंग केवल खाद्य श्रेणी की पॉलीथीन में। वटी/गुटिका की पैंकिग ब्लिस्टर स्ट्रिप पैंकिग में करनी होगी।
4	भस्म, सिन्दूर, रस, रसौषधि	कांच की पैकिंग में

6. फर्म द्वारा आपूर्तित औषधियों की गुणवत्ता की जांच हेतु औषध सैम्पल लेने हेतु न्यनूतम मात्रा प्रति सैम्पल निम्नानुसार होगी।

क्र0सं0	आयुर्वेद औषधी	
	औषधि का प्रकार	न्यूनतम मात्रा
1	चूर्ण/क्वाथ	50 gm
2	तैल/घृत	50 ml.
3	आसव/अरिष्ट/सीरप	100 ml.
4	वटी/गोली/कैप्सूल	50 gm
5	रसौषधी	25 gm

नोट :– उपरोक्त वर्णित पैकिंग के अलावा अन्य पैकिंग में आपूर्ति की जाने की स्थिति में आपूर्ति अस्वीकार कर दी जावेगी एवं बोलीदाता को इसे अपने खर्चे पर उठवाना होगा।

6. संबंधित भण्डार को आपूर्ति की जाने वाली औषधियों के सभी लेबल हिन्दी/अंग्रेजी में लिखे होने चाहिए।
8. औषधियों का निर्माण भारत सरकार द्वारा निर्धारित अत्यावश्यक औषधियों की सूची में उल्लेखित सन्दर्भो के अनुसार ही किया जा कर आपूर्ति की जावेगी।

(60) वित्त विभाग के अधिसूचना दिनांक 19.11.2015 में वर्णित एम.एस.एम.ई. बाबत् प्रावधान यथावत् प्रभावी होगें एवं एम.एस.एम.ई. हेतु आरक्षित सामग्री एम.एस.एम.ई. ईकाईयों से ही नियमानुसार क्रय की जायेगी।

निदेशक
आयुर्वेद विभाग अजमेर

मैने/हमने उपरोक्त समस्त शर्तों, बोली सूचना व उसकी नियम, शर्तों का अध्ययन कर लिया है व अच्छी तरह समझ लिया है। सभी शर्तों से सहमति बतौर नीचे हस्ताक्षर कर दिये है।

हस्ताक्षर बोलीदाता
राजकीय उपक्रम/सोसायटी का
नाम मय सील

क्रय की जाने वाली निर्मित आयुर्वेदिक औषधियों की सूची **अनुलग्नक –1**

क्र. सं.	ई.डी.एल. सूची में वर्णित औषधि का नाम	पैकिंग मानक
1	दशांग लेप	500gm
2	आनन्दभैरव रस	250mgX10 strip pecking
3	श्वेतपर्पटी	100gm
4	गंधक रसायन	100gm
5	हरितकी चूर्ण	500gm
6	बहेड़ा चूर्ण	500gm
7	तालिसादि चूर्ण	500gm
8	आमलकी चूर्ण	500gm
9	लवणभास्कर चूर्ण	500gm
10	अश्वगंधा चुर्ण	500gm
11	दशमूल क्वाथ	500gm
12	मधुयष्टि चूर्ण	250gm
13	जात्यादि तेल	100ml
14	संजीवनी वटी	250mgX10 strip pecking
15	गोदन्ती भस्म	100gm
16	कपर्द भस्म	100gm
17	बालसुधा भस्म	100gm
18	शुभ्रा भस्म	100gm
19	चन्द्रप्रभा वटी	250mgx10 strip packing
20	गोजीव्हादि क्वाथ	500gm
21	अर्जुनत्वक चूर्ण	200gm
22	कर्पूर रस	125mgX10 strip pecking
23	लंवगादि वटी	100gm
24	त्रिकटु चूर्ण	100gm
25	गिलोय चूर्ण	250gm
26	शंख भस्म	100gm

27	पथ्यादि चूर्ण	500gm
28	फलत्रिकादि क्वाथ	500gm
29	शुक्ति भस्म	100gm
30	गोक्षुर चूर्ण	500gm
31	अविपत्तिकर चूर्ण	500gm
32	हिंगवाष्टक चूर्ण	500gm
33	योगराज गुग्गुलु	250mgx10 strip packing
34	अरण्ड तेल	100ml
35	आरोग्यवर्धनी वटी	250mgx10 strip packing
36	कुटजघनवटी	250mgx10 strip packing
37	महासुदर्शन चूर्ण	500gm
38	लघुविषभगर्भ तेल	50ml
39	त्रिभुवनकीर्ति रस	250mgX10 strip pecking
40	गोक्षरादि गुग्गुलु	250mgx10 strip packing
41	पुष्यानुग चूर्ण	250gm
42	लघुसूतशेखर रस	250mgX10 strip pecking
43	पुर्ननवादि मण्डूर	250mgX10 strip pecking
44	मरिच्यादि तेल	50ml
45	सर्पगंधाघनवटी	250mgx10 strip packing
46	हरिद्राखण्ड	100gm
47	रजःप्रर्वतनी वटी	250mgx10 strip packing

उपरोक्त निर्मित औषधियों की आदेशित मात्रा को किट पैकिंग में संबंधित रसायनशाला में समय पर आपूर्ति हेतु सहमत हूँ।

अनुलग्नक–2

रसायनशालाओं में आपूर्ति किये जाने वाले औषधि किट का विवरणः– निम्नानुसार किट की आपूर्ति संबंधित रसायनशाला में आपूर्ति कर्ता द्वारा की जानी है।

क्रं सं	रसायनशाला	जिला	राज्य वार्षिक कार्ययोजना के तहत आपूर्ति किए जाने वाले आयुर्वेद औषधियों के किटों की संख्या		
			औषधालयों हेतु किट	औषधालयों हेतु किट	औषधालयों हेतु किट
1.	राजकीय आयुर्वेद रसायनशाला, अजमेर	अजमेर	165	8	**173**
		जयपुर –अ	185	6	**191**
		जयपुर –ब	155	4	**159**
		टोंक	118	4	**122**
		झुंझुंनु	198	3	**201**
		नागौर	194	7	**201**
		सीकर	207	5	**212**
		कुल –	**1222**	**37**	**1259**
2.	राजकीय आयुर्वेद रसायनशाला, जोधपुर	जोधपुर	153	3	**156**
		चुरू	156	5	**161**
		जालोर	87	3	**90**
		जैसलमेर	37	1	**38**
		पाली	160	6	**166**
		बाडमेर	123	1	**124**
		बीकानेर	130	1	**131**
		श्रीगंगानगर	116	3	**119**
		सिरोही	73	2	**75**
		हनुमानगढ	115	3	**118**
		कुल –	**1150**	**28**	**1178**
3.	राजकीय आयुर्वेद रसायनशाला, भरतपुर	भरतपुर	185	5	**190**
		अलवर	253	8	**261**
		करौली	89	1	**90**
		कोटा	75	1	**76**
		झालावाड	86	4	**90**
		दौसा	109	1	**110**
		धौलपुर	62	2	**64**
		बांरा	95	2	**97**
		बूंदी	80	1	**81**
		सवाईमाधोपुर	91	3	**94**
		कुल –	**1125**	**28**	**1153**
4.	राजकीय आयुर्वेद रसायनशाला, उदयपुर	उदयपुर	209	8	**217**
		चित्तौडगढ	115	4	**119**
		डूंगरपुर	129	4	**133**
		प्रतापगढ	62	2	**64**
		बांसवाडा	122	3	**125**
		भीलवाडा	212	5	**217**
		राजसमन्द	110	2	**112**
		कुल –	**959**	**28**	**987**
		सर्व योग –	**4456**	**121**	**4577**

नोट : उपरोक्त किटों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। परिवर्तन की दशा में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त व्यय देय नहीं है। आदेश दिऐ जाने पर औषधी की आपूर्ति हेतु तदानुसार किट तैयार करने होगें।

आपूर्ति से पूर्व करवाई जाने वाली जांच हेतु निर्धारित पैरामीटर्स/प्रोटोकॉल

1. आयुर्वेदिक औषधी प्रकार :– अर्क

क्र.स.	जांच का प्रकार
1	Description, colour, odour
2	PH
3	specific gravity at 20° C
4	essential oil % v/v
5	Identification by TLC/HPTLC (As Applicable)
6	Microbial contamination a. total bacterial count b. total fungal count
7	test for specific pathogens
8	test for aflatoxins

2. आयुर्वेदिक औषधी प्रकार :– आसव एवं आरिष्ठ

क्र.स.	जांच का प्रकार
1	Description, colour, odour
2	pH value
3	specific gravity at 25° C
4	total solids
5	alchohol content (in %)
6	test for methanol
7	reducing sugars
8	non reducing sugars
9	total phenolic content
10	Identification by TLC/HPTLC (As applicable)
11	Microbial contamination a. total bacterial count b. total fungal count
12	test for specific pathogens

3. आयुर्वेदिक औषधी प्रकार :– अवलेह

क्र.स.	जांच का प्रकार
1	Description, colour, & taste, odour
2	Loss on drying at 105°C
3	Total ash
4	Acid insoluble ash

5	pH value
6	alcohol soluble extractive
7	water soluble extractive
8	reducing sugars
9	non reducing sugars
10	Identification by TLC/HPTLC (As Applicable)
11	Microbial contamination a. total bacterial count b. total fungal count
12	test for specific pathogens
13	test for aflatoxins
14	Test for heavy metals

4. आयुर्वेदिक औषधी प्रकार :– चूर्ण/क्वाथ चूर्ण

क्र.स.	जांच का प्रकार
1	Description, macro & microscopic study
2	Loss on drying at 105°C
3	Total ash
4	Acid insoluble ash
5	alcohol soluble extractive
6	water soluble extractive
7	total sugars (only in sugar containing choorna)
8	Identification by TLC/HPTLC (As Applicable)
9	Microbial contamination a. total bacterial count b. total fungal count
10	test for specific pathogens
11	test for aflatoxins
12	Test for heavy metals

5. आयुर्वेदिक औषधी प्रकार :– घन सत्व/प्लान्ट एक्सट्रेक्ट

क्र.स.	जांच का प्रकार
1	Description, colour, & taste, odour
2	Loss on drying at 105°C
3	Total ash
4	Acid insoluble ash
5	alcohol soluble extractive
6	water soluble extractive
7	foreign matter
8	Identification by TLC/HPTLC (As Applicable)
9	Microbial contaminationa. total bacterial count

	b. total fungal count
10	test for specific pathogens
11	test for aflatoxins
12	Test for heavy metals
13	Pesticide residue

6. आयुर्वेदिक औषधी प्रकार :– मेडिकेटेड घृत/तैल

क्र.स.	जांच का प्रकार
1	Description, colour, & taste, odour
2	specific gravity at 40° C
3	refractive index at 40° C
4	iodine value
5	acid value
6	saponification value
7	peroxide value
8	test for mineral oil
9	Identification by TLC/HPTLC (As Applicable)
10	Microbial contamination a. total bacterial count b. total fungal count
11	test for specific pathogens
12	test for aflatoxins
13	Test for heavy metals
14	Viscosity

7. आयुर्वेदिक औषधी प्रकार :– लेप मलहम (क्रीम)

क्र.स.	जांच का प्रकार
1	Description, colour, odour
2	Loss on drying at 105°C
3	Total ash
4	Acid insoluble ash
5	alcohol soluble extractive
6	water soluble extractive
7	Identification by TLC/HPTLC (As Applicable)
8	Microbial contamination a. total bacterial count b. total fungal count
9	test for specific pathogens
10	test for aflatoxins
11	pH value
12	Particle Size

8. आयुर्वेदिक औषधी प्रकार :– वटी/गुटिका/टेबलेट/वर्ती

क्र.स.	जांच का प्रकार
1	Description, , colour, odour
2	Loss on drying at 105°C
3	Total ash
4	Acid insoluble ash
5	alcohol soluble extractive
6	water soluble extractive
7	Weight variation
8	disintegration time
9	pH value
10	Identification by TLC/HPTLC (As Applicable)
11	Microbial contamination a. total bacterial count b. total fungal count
12	test for specific pathogens
13	test for aflatoxins
14	test for heavy metals
15	Pesticide residue

9. आयुर्वेदिक औषधी प्रकार :– सीरप/शर्बत

क्र.स.	जांच का प्रकार
1	Description, colour, odour
2	Total ash
3	Acid insoluble ash
4	alcohol soluble extractive
5	water soluble extractive
6	Identification by TLC/HPTLC (As Applicable)
7	Microbial contamination a. total bacterial count b. total fungal count
8	test for specific pathogens
9	pH value
10	total sugars
11	viscosity
12	test for heavy metals

10. आयुर्वेदिक औषधी प्रकार :– भस्म/सिंदूर

क्र.स.	जांच का प्रकार
1	Description, colour, odour
2	Chemical identification
3	Particle size (in mesh)
4	Loss on drying at 105°C
5	Total ash
6	Acid insoluble ash
7	Water soluble ash
8	Assay of element/s
9	Ayurvedic specifications test :- a. Nischandrika b. rekha purnatva c. varititara d. nirdhoom e. niswadu f. apunarbhav

11. आयुर्वेदिक औषधी प्रकार :– नैत्रबिन्दु/अन्जन/कर्णबिन्दु

क्र.स.	जांच का प्रकार
1	Description, colour
2	pH Value
3	Clarity test
4	Sterlity test
5	Identification by TLC/HPTLC (as applicable)

12. आयुर्वेदिक औषधी प्रकार :– मण्डूर

क्र.स.	जांच का प्रकार
1	Description, colour, odour
2	Total ash value
3	Acid insoluble ash
4	Alchol soluble extractive
5	Loss on drying
6	pH
7	Disintegration time
8	Av. weight
9	Assay - total iron
10	Microbial contamination a. total bacterial count b. total fungal count
11	Test for aflatoxin

13. आयुर्वेदिक औषधी प्रकार :– धूप

क्र.स.	जांच का प्रकार
1	Microscopic study
2	Loss on drying

14. आयुर्वेदिक औषधी प्रकार :– पिष्टी

क्र.स.	जांच का प्रकार
1	Loss of drying at 105 degree C.
2	Total ash
3	Paricle size (In mesh)
4	Acid insoluble ash
5	Assay of elements
